O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test - II (2023 – 2024)

Class - 8 | MM-20

Subject- Hindi | Time: 1 Hrs.

Name: ____________ | Roll No.:_________

General Instructions: ***All questions are compulsory.***

प्र0 1 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए– **(1x4 = 4)**

पुरानी होने पर
सभी चीज़ें बदल दी जाती हैं
दरवाज़ों पर लटके परदे
शरीर पर पहने कपड़े
ड्राईंग रूम में रखा फ़र्नीचर–
कहने का मतलब है
क्यों छोड़ नहीं पाता वह
अपने अंदर की
सड़ी–गली वासनाएँ ?
क्यों फेंक नहीं देता वह
उस जानवर को
जो युगों से बैठा है उसके अंदर ?

मनुष्य हर पुरानी चीज़
बदल देता है।
नवीनता मनुष्य को प्रिय है।
परंतु मैं समझ नहीं पाता
हर पुरानी चीज़ से
नफ़रत करने वाला आदमी
क्यों नफ़रत नहीं करता–
पुराने सड़े–गले विचारों से ?
नफ़रत के जहर को त्याग कर
क्यों नहीं वह चख लेता
प्यार का थोड़ा–सा अमृत।

i इस कविता के केंद्रीय भाव हेतु दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए–
कथन–

(क) निराश दृष्टिकोण को त्याग कर आशावादिता की अनुभूति।

(ख) घृणा का परित्याग एवं प्रेमभाव की स्वीकृति।

(ग) अकर्मण्यता से मुक्ति और नवीन ऊर्जा की प्राप्ति।

(घ) मानवता के प्रतीकों का सम्मान।

विकल्प–

अ कथन 'ख' सही है। | ब कथन 'क' और 'ग' सही है।

स कथन 'क' 'ग' और 'घ' सही है। | द कथन 'क' 'ख' 'ग' और 'घ' सही है।

ii पुरानी होने पर सभी चीज़ें बदल दी जाती हैं, क्योंकि–

(क) मनुष्य का उनसे मन भर जाता है। | (ख) वे उसके आकर्षण का केंद्र नहीं रहतीं।

(ग) नवीनता मनुष्य को प्रिय होती है। | (घ) नई वस्तु अधिक सुखद होती है।

iii कवि किससे नफ़रत करने के लिए कह रहा है ?

(क) अनुपयोगी रीति–रिवाज़ों से | (ख) समाज में प्रचलित अंधविश्वासों से

(ग) पुराने सड़े–गले विचारों से | (घ) पुरानेपन से

iv घृणा का विष दूर हो सकता है–

(क) सामाजिक एकता से (ख) भेदभाव भुलाने से

(ग) प्यार के अमृत से (घ) सड़े–गले विचार त्यागने से

प्र0 2 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– **(1X4 = 4)**

i **'लालिमा' शब्द में प्रत्यय है–**

(क) इमा (ख) रिमा

(ग) मा (घ) मधुर

ii **'अनुगमन' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है–**

(क) अनु (ख) अ

(ग) अन (घ) अउ

iii **'झुकाव' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय कौन–सा है ?**

(क) बह (ख) हाव

(ग) आव (घ) आवा

iv **'विस्मरण' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है–**

(क) विज्ञ (ख) ज्ञान

(ग) वि (घ) अन

प्र0 3 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– **(1X2 = 2)**

i **सुदामा की पत्नी ने उपहार स्वरूप पोटली में श्री कृष्ण के लिए क्या दिया था?**

(क) चने (ख) मुनक्के

(ग) तंदुल (घ) इनमें से कोई नहीं

ii **साइकिल चलाने की प्रशंसा निम्नलिखित में से कौन करती हैं ?**

(क) खेतों में काम करने वाली महिला मज़दूर।

(ख) गाँवों में काम करने वाली नर्सें।

(ग) खदानों में काम करने वाली महिलाएँ।

(घ) उपर्युक्त सभी।

प्र0 4 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– **(2X3 = 6)**

क पुडुकोट्टई की महिलाएँ किन जंज़ीरों में जकड़ी हुई थीं ?

ख साइकिल आंदोलन में प्रारंभ में कौन–कौन सी बाधाएँ आईं ?

ग साइकिल को विनम्र सवारी क्यों कहा गया है ?

प्र0 5 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– **(2X2 = 4)**

क श्रीकृष्ण ने दीन–हीन सुदामा की किस प्रकार सेवा की ?

ख निर्धनता के बाद मिलने वाली संपन्नता का चित्रण 'सुदामा चरित' कविता के आधार पर कीजिए।

––0––